**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**11.05.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे**

**विदेश मंत्रालय–उल्लंघन**

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ कल बनी सहमति का बार–बार उल्लंघन हुआ है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में मिसरी ने कहा कि सशस्त्र बल संघर्ष विराम उल्लंघन का समुचित और उचित जवाब दे रहे हैं और भारत इन उल्लंघनों को बहुत गंभीरता से ले रहा है। भारत ने पाकिस्तान से संघर्ष विराम उल्लंघन को समाप्त करने के लिए उचित कदम उठाने और स्थिति से गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ निपटने का आह्वान किया है। मिसरी ने कहा कि सशस्त्र बल स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुये हैं। उन्होंने कहा कि सशस्त्रलों को अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम उल्लंघन की किसी भी घटना से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए हैं।

बाइट–विक्रम मिसरी––– ''27'' ***पिछले कुछ घंटों से इस समझौते का पाकिस्तान की ओर से घोर उल्लंघन हो रहा है भारतीय सेना जबाबी कार्यवाही कर रही है और इस सीमा अतिक्रमण से निपट रही है यह अतिक्रम अत्यंत निंदनीय है और पाकिस्तान इनके लिए जिम्मेदार है हमारा मानना है पाकिस्तान इस गम्भीर स्थिति को समझे और इस अतिक्रम को रोकने के लिए तुरंत उचित कार्यवाही करे।***

विदेश सचिव मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान के सैन्य ऑपरेशन्स महानिदेशक ने कल दोपहर युद्ध विराम का आह्वान किया जिसके बाद चर्चा हुई और यह सहमति बनी। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर दोनों देशों के बीच सीधे तौर पर सहमति बनी। मिसरी ने कहा कि सैन्य संचालन महानिदेशक फिर से बातचीत करेंगे। पूल/

**प्रधानमंत्री**

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा के तुरंत बाद कल एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर हुई बैठक में विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए।

**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस**

आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस है। वर्ष 1998 में इसी दिन भारत ने राजस्थान के पोखरण में परमाणु बम का सफल परीक्षण किया था। यह दिन देश की प्रगति और विकास में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। आज के दिन भारत की तकनीकी विशेषज्ञता और देश के पहले स्वदेशी विमान हंसा–3 के प्रक्षेपण में वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और नवप्रवर्तकों के योगदान और छठे वैश्विक परमाणु परीक्षण को याद किया जाता है।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कुल्लू जिले के आनी विधानसभा क्षेत्र की 60 सड़कों का निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। जिला स्तरीय आनी मेले के समापन अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जलोड़ी जोत टनल की एलाइन्मेंट को स्वीकृति मिलने के बाद इसके निर्माण को लेकर करीब 3 हजार करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है।

**पथ परिवहन निगम**

प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस के अधिकतम किराए में की गई 15 वृद्धि को भाजपा ने जनविरोधी निर्णय बताया है। शिमला में कल एक पत्रकार वार्ता में भाजपा नेता संजय सूद ने कहा कि देश में भारत–पाकिस्तान तनाव के बीच प्रदेश सरकार ने बस किराए में बढ़ोतरी कर आम जनता पर आर्थिक बोझ डालने का काम किया है।

***हमारी एचआरटीसी ने 10 रुपये मिनम किराया लेना शुरू किया है बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, हम लोग जानते है कि शिमला में एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए साधनों का प्रयोग करना पड़ता है। और सरकार विरोध करने के वाबजूद भी सरकार इस पर चुनी साधे हुए है। और उसके उपर एक और निर्णय लिया किया 15 प्रतिशत एचआरटीसी ने बढ़ाया है बहुत दुखद है ऐसी परिस्थितियों में सरकार सिर्फ और सिर्फ अपना खजाना भरने में लगी हुई है।***

**बीसीसीआई–आईपीएल**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि बोर्ड के अधिकारी और आईपीएल संचालन परिषद आज प्रतियोगिता पूरा करने के संभावित कार्यक्रम पर चर्चा करेंगे। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बोर्ड ने शुक्रवार को आईपीएल निलंबित कर दिया था। प्रतियोगिता के 16 मैच शेष हैं। भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष के कारण 8 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और डेल्ही कैपिटल्स का मैच रद्द कर दिया गया था।

**<u>मौसम</u>**

मौसम विभाग ने दक्षिण–पश्चिम मानसून के 27 मई को केरल तट पर पहुँचने का अनुमान व्यक्त किया है। सामान्य तिथि से पाँच दिन पहले इस मॉनसून के पहुंचने से खरीफ की बुआई और पैदावार अच्छी होने और जलाशयों का स्तर बढ़ने की उम्मीद है। विभाग ने इस वर्ष मानसून सामान्य से अधिक एक सौ पांच प्रतिशत होने का भी अनुमान व्यक्त किया है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब विभाग ने सामान्य से अधिक मानसून का अनुमान लगाया है।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजकर 20 मिनट पर नमस्कार।**

———————————————